समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# अब यूजर्स की मर्जी से होगा फोटो-वीडियो का ऑटो डाउनलोड, व्हाट्सएप ला रहा नया फीचर।

Publisher Published on 09 Jun 2025



## “Auto-download quality” फीचर के जरिए तय कर सकेगें किस क्वालिटी मे डाउनलोड होंगी मीडिया फाइल्स।

**नई दिल्ली : व्हाट्सएप यूजर्स** के लिए एक और नया और **काम का फीचर** आ रहा है। अब आप तय कर सकेंगे कि व्हाट्सएप पर आने वाली **फोटो और वीडियो** अपने आप किस **क्वालिटी मे डाउनलोड** हों। यह फीचर खासकर उन यूजर्स के लिए बेहद उपयोगी होगा, जो अपने **मोबाइल डेटा** और **फोन स्टोरेज** पर नियंत्रण रखना चाहते हैं।

**क्या है यह नया फीचर ?**
**व्हाट्सएप के एंड्रॉयड बीटा वर्जन 2.25.18.11** में एक नया ऑप्शन देखा गया है, जिसका नाम है “**Auto-download quality**“। इस फीचर के ज़रिए यूजर तय कर सकेगा कि **मीडिया फाइल्स (फोटो/वीडियो)** ऑटोमैटिक किस क्वालिटी में डाउनलोड हों।

यह सेटिंग आपको इस तरह मिलेगी:

**Settings > Storage and data > Auto-download quality**

यहां दो ऑप्शन मिलेंगे:

१. **Standard Quality (स्टैंडर्ड क्वालिटी)**
२. **HD Quality (एचडी क्वालिटी)**

दोनों क्वालिटी में क्या फर्क होगा ?

१. **स्टैडंर्ड क्वालिटी :**

इसमें छोटी फाइल साइज होती है, जिससे डेटा कम खर्च होता है, फाइल जल्दी डाउनलोड होती है और फोन की स्टोरेज भी कम भरती है।

२. **एचडी क्वालिटी :**

इसमें **फोटो** और **वीडियो** की बेहतर डिटेल रहती है, लेकिन इसके लिए ज्यादा डेटा और ज्यादा स्टोरेज की जरूरत होती है।

### मिलेगा यूजर को पूरा कंट्रोल

इस फीचर की सबसे बड़ी बात यह है कि अगर आपने **स्टैडंर्ड क्वालिटी** को **डिफॉल्ट** के तौर पर सेट किया है, फिर भी आप किसी खास फोटो या वीडियो को मैन्युअली एचडी क्वालिटी में भी डाउनलोड कर सकते हैं। यानी आपको पूरा कंट्रोल मिलेगा कि कब और किस क्वालिटी में फाइल डाउनलोड करनी है।

### पहले के फीचर से कैसे जुड़ा है यह अपडेट ?

हाल ही में व्हाट्सएप ने ड्यूल-अपलोड का फीचर पेश किया था, जिसमें जब कोई फोटो या वीडियो भेजी जाती है तो ऐप उसके दोनों वर्ज़न — स्टैंडर्ड और एचडी — सर्वर पर अपलोड करता है। अब नए “**Auto-download quality**” फीचर के तहत रिसीवर तय कर सकेगा कि उसके फोन में कौन-सी क्वालिटी में फाइल डाउनलोड हो।

### कब मिलेगा यह फीचर ?

फिलहाल यह नया फीचर **बीटा टेस्टिंग** में है और केवल कुछ बीटा यूजर्स के लिए उपलब्ध है। उम्मीद है कि आने वाले कुछ हफ्तों में यह फीचर सभी एंड्रॉयड और आईओएस यूजर्स के लिए स्टेबल अपडेट के जरिए रोलआउट कर दिया जाएगा।

क्यों है यह फीचर खास ?

१. **मोबाइल डेटा की बचत**

२. **स्टोरेज कंट्रोल**

३. **बेहतर यूजर एक्सपीरियंस**

४. **ऑप्शनल एचडी क्वालिटी डाउनलोड**

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि व्हाट्सएप इस फीचर को कितनी तेजी से सभी यूजर्स तक पहुंचाता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.